दैनिक भास्कर 02/09/2022

# जीएमएन कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नए सत्र में विद्यार्थियों को शपथ लेनी चाहिए कि वह पूरे वर्ष मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। विभिन्न सेल्स के अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना व्यक्तित्व में विकास लाता है। मंच संचालन डॉ. अमित ने किया। इस अवसर पर संयोजिका डॉ. सीमा कंसल, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. रचना खन्ना, डॉ. राजेंद्रा, डॉ. पांडे सहित सभी शिक्षक व नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।